


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 202/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


### दक्षिण अफ्रीका ने जीता टॉस

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। दक्षिण अफ्रीका की




टीम सिर्फ एक विशेषज्ञ स्पिनर के साथ उतरी है। वहीं, अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा कि वह स्पिनर्स के दम पर दक्षिण अफ्रीका को हरा सकते हैं।

# हर भारतीय विकसित भारत के लिए दिन-रात काम कर रहा, हमें सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व की जरूरतः पीएम मोदी

## स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप के पहले संस्करण का शुभारंभ

**नई दिल्ली एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (SOUL) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय, 21वीं सदी के विकसित भारत के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम



### सारे सेक्टर्स में भारत का प्रभाव और असर कई गुना बढ़ेगा

पीएम मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय, 21वीं सदी के विकसित भारत के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है। आने वाले समय में जब हम लो कूटनीति से टेक इनोवेशन तक एक नई नेतृत्व को आगे बढ़ाएंगे तो सारे सेक्टर्स में भारत का प्रभाव और असर कई गुना बढ़ेगा। यानी एक तरह से भारत का पूरा विजन और भविष्य एक मजबूत नेतृत्व पीढ़ी पर निर्भर होगा, इसलिए हमें वैश्विक सोच और स्थानीय पालन-पोषण के साथ आगे बढ़ना है।

### कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जन से जगत, किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है।

### बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है...। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को ट्रांसफॉर्म करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर 100 लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है।

# मप्र के 89 हजार स्टूडेंट्स को मिले लैपटॉप

## सीएम बोले- काग चेष्टा सबके जीवन में जरूरी, छात्रों ने कहा- लैपटॉप से पढ़ाई में मदद मिलेगी



**भोपाल, सांध्य प्रकाश।** मध्यप्रदेश में 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर हासिल करने वाले 89 हजार 710 स्टूडेंट्स को लैपटॉप मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में नरसिंहपुर की गीता लोधी को पहला लैपटॉप सौंपा। बाकी स्टूडेंट्स के बैंक खातों में 25-25 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की।

इस दौरान सीएम ने स्टूडेंट्स से बातचीत भी की। 98त्न अंक पाने वाली नरसिंहपुर के निजी स्कूल की गीता लोधी ने कहा- आज की दुनिया में इंटरनेट बहुत जरूरी है। ये लैपटॉप पढ़ाई में बहुत हेल्प करेगा।

**स्टूडेंट बोले- विश्वास था, लैपटॉप मिलेगा-** वहीं, जय जाट ने कहा- लैपटॉप के लिए थोड़ा इंतजार जरूर करना पड़ा लेकिन मुझे विश्वास था कि ये जरूर मिलेगा। मेरे पिताजी पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। मैं इनकम टैक्स विभाग में अधिकारी बनना चाहता हूं।

भोपाल के पुष्पेंद्र राजपूत बोले- मेरे पास लैपटॉप नहीं था तो मैंने इसे खरीद लिया। अब पैसे आ जाएंगे तो चुका दूंगा।

**तकनीक के बल पर संकटों का समाधान निकालें-** सीएम यादव ने कहा- आज का समय इलेक्ट्रॉनिक्स, गूगल और नवाचार का है। इजराइल ने तमाम कठिनाइयों के बीच तकनीक के बल पर समाधान निकाले। वहां मोबाइल और टेलीपेजर जैसी तकनीक का उपयोग कर बम भी बनाए गए। हालांकि, मैं यह नहीं कहूंगा कि आप ऐसा करें। ध्यान रखें कि इजराइल ने तकनीक के माध्यम से अपने सभी संकटों का समाधान खोजा। आप भी ऐसा ही करें।





**जीवन में शिक्षा और स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण-** स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा- जिस सरकार की प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य होते हैं, वह सबसे संवेदनशील मानी जाती है। 15 दिन पहले 8 हजार बच्चों को पेट्रोल और ई-स्कूटी दी गई थी। आज लैपटॉप मिल रहे हैं। हमारी सरकार बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश में लगी है।

## सर गंगा राम अस्पताल से सोनिया गांधी को मिली छुट्टी, पेट से जुड़ी समस्याओं के लिए हुई थी भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को आज यानी शुक्रवार 21 फरवरी की सुबह दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्याओं के चलते गुरुवार 20 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टरों ने उनकी नियमित जांच की, जिसके बाद उन्हें आज छुट्टी दे गई।



न्यूज़ एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को गुरुवार सुबह 8ः30 बजे पेट से जुड़ी समस्याओं के चलते दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उनकी नियमित जांच की गई थी। सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा सोनिया गांधी का हेल्थ अपडेट देते हुए बताया था कि अब उनकी हालत स्थिर है तथा उन्हें निगरानी में रखा गया है।

## बाल-बाल बचे सौरव गांगुली, बर्धमान के पास लॉरी के अचानक आगे निकलने से हुआ हादसा

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली बाल बाल बच गए। उनकी कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह हादसा तब हुआ जब वह बर्धमान में एक समारोह में भाग लेने के लिए जा रहे थे। गुरुवार को एक लॉरी के अचानक उनकी कार से आगे निकलने की वजह से यह हादसा हुआ, लेकिन गांगुली को कोई चोट नहीं आई है। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, गांगुली के काफिले की दो कारों को मामूली नुकसान पहुंचा है।



## प्रदेश में वकीलों ने छेड़ा आंदोलन, कई शहरों में अधिवक्ता संशोधन बिल का विरोध

**इंदौर।** प्रदेशभर के वकील अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में एकजुट हो गए हैं। उनका कहना है कि यह बिल अभिभाषकों और अभिभाषक संघों की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के विपरीत है। अगर यह पारित हो गया तो वकीलों के अधिकार छीन जाएंगे। वकील इस बिल को काला कानून बता रहे हैं। उनका कहना है कि वकालत के पेशे को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। अधिवक्ता संशोधन बिल में कई ऐसे प्रावधान हैं जो वकालत के पेशे की छवि धूमिल कर देंगे। बिल में वकीलों के लिए एक भी कल्याणकारी योजना नहीं है। इसे वापस लिया जाना चाहिए। वकील शुक्रवार को बिल के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

## महाकुंभ से लौट रहे 6 श्रद्धालुओं की मौत, कार ट्रक से टकराई

**आरा।** बिहार के भोजपुर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ है। सभी कार सवार महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे थे तभी कार अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई। घटना शुक्रवार सुबह आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर



जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। जहां कार ने खड़े कंटेनर ट्रक पर पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार का एक पहिया 20 फीट दूर पड़ा मिला। हादसे में कार सवार सभी 6 लोगों की जान चली गई और सभी अंदर ही फंस गए थे। किसी तरह कार के अंदर फंसे सभी मृतकों को एक-एक कर बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि कार सभी लोग परिवार राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना इलाके के रहने वाले थे।

### जैविक खेती कार्यशाला का शुभारंभ

## जैविक खेती को बढ़ावा देने लगाए जाएं मेलेः मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में जैविक खेती-पद्धतियां और मूल्य संवर्धन विषय पर कृषि विभाग द्वारा राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान (बरखेड़ी-नीलबड़ रोड) में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने इस अवसर पर ÷एक जिला एक उत्पाद÷ और विभिन्न विभागों तथा जैविक खेती के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ कर अवलोकन किया तथा कृषकों से जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल के बरखेड़ी कलां में आयोजित जैविक खेती कार्यशाला के दौरान किसानों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और राज्य सरकार के प्रयासों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार इस साल को %उद्योग वर्ष% के रूप में मना रही है और कृषि प्रधान प्रदेश में खेती को भी एक उद्योग के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।





इसके साथ ही, जैविक खेती के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है और उसे प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव मदद करेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि जैविक उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए मेलों का आयोजन किया जाना चाहिए, जैसे कि वन मेला, कार्तिक मेला और व्यापार मेला होते हैं, वैसे ही जैविक उत्पाद मेला भी आयोजित किया जाए, ताकि लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके।

### खेती में रसायनों के उपयोग से बचें

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जैविक खेती के दौरान रसायनों का उपयोग खेती की व्यवस्था को बिगाड़ता है और इस से बचने की आवश्यकता है। उन्होंने जैविक और प्राकृतिक उत्पादों को भारतीय बाजार में बढ़ावा देने की बात की और कहा कि वर्तमान में राज्य के 33 जिलों में करीब एक लाख हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती की जा रही है। उनका लक्ष्य इसे पांच लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करना है।

### आयु आधारित वर्गीकरण पर सख्ती

## अश्लीलता पर केंद्र सरकार की दो टूकः ओटीटी मंच नियम मानें नहीं तो कड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्र सरकार ने अश्लील विषयवस्तु पर अंकुश लगाने के इरादे से सभी ओटीटी मंचों को चेताया है कि वे देश के कानून का कड़ाई से पालन करें, नहीं तो सख्त कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर अश्लील चुटकुलों को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र ने ओटीटी मंचों को हिदायत दी है कि वे कानून में निषिद्ध घोषित सामग्री प्रसारित करने से परहेज करें। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी यानी ओवर-द-टॉप मंचों और स्व-नियामक संस्थाओं को एक परामर्श जारी कर सामग्री प्रकाशित करते समय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम-2021 के तहत तय आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है। इसमें विषयवस्तु के आयु-आधारित वर्गीकरण का विशेष रूप से पालन भी शामिल है।



### मंत्रालय ने दिया निर्देश

मंत्रालय ने ओटीटी मंचों की स्व-नियामक संस्थाओं को आचार संहिता के उल्लंघन पर तत्परता से उपयुक्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बता दें कि हाल में इंडियाज गॉट लेटेंट नामक एक शो में यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के विवादित बयान से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से विषयवस्तु विनियमन का सुझाव दिए जाने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

## दिल्ली में आतिशी-पूर्व मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ हटाए गए, 24 से विधानसभा का सत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व ष्टरूआतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था उन्हें तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रियों और अफसरों के साथ एक मीटिंग करेंगी। इसमें दिल्ली जल बोर्ड और PWD के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया है। PWD मंत्री प्रवेश वर्मा भी इस बैठक में शामिल होंगे। मीटिंग में खराब सड़कों और पानी के मुद्दे पर चर्चा होगी।



इसके अलावा नई सरकार का विधानसभा सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। यह तीन दिन तक चलेगा और 27 फरवरी को खत्म होगा। सदन में नए विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। तीसरे दिन ष्टत्र की 14 रिपोर्ट सदन में रखी जाएंगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कांग्रेस और क्रपर नई सरकार की आलोचना करने पर जवाब दिया। रेखा ने कहा- शपथ लेने के तुरंत बाद पहले दिन हमारी कैबिनेट बैठक हुई और हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे क्रने रोक रखा था। अब हम दिल्ली की चिंता करेंगे और पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली को उसका हक मिलेगा।

रेखा ने आगे कहा, उन्हें (विपक्ष) अपनी पार्टी संभालनी चाहिए, बहुत से लोग हैं जो जाना चाहते हैं।

## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आने वाले मेहमानों को 15 वीआइपी कलर कोड उपलब्ध कराए जाएंगे

**भोपाल।** ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट कर्टन रेजर प्रोग्राम की शुरुआत गुरुवार यानि आज से शहर के प्रमुख स्थानों पर शुरू की जा रही है। समिट में आने वाले मेहमानों को 15 वीआइपी कलर कोड उपलब्ध कराए जाएंगे। स्पेशल पास सुविधा के जरिए क्यूआर कोड दिए जाएंगे जिन्हें स्केन करने पर अपने पार्क वाहनों की लोकेशन प्राप्त की जा सकेगी।

कलेक्टर कोशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जीआइएस कर्टन रेजर इवेंट 20 से 23 फरवरी 2025 तक आयोजित होंगे। पर्यटन काउंसिल भोपाल और एमपीआइडीसी शहर के प्रमुख बाजार व रहवासी इलाकों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए नागरिकों को इंवेस्टर्स समिट की उपयोगिता समझाएगी।

**शहनाई वादकों के द्वारा होगा स्वागत-** एयरपोर्ट पर बांसुरी वादक, सारंगी व शहनाई वादकों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। प्रमुख कार्यक्रमों में हनुमंत ध्वज पताका संस्कृति बैंड इंदौर की प्रस्तुति, मुकेश तिवारी द्वारा भजन संध्या का आयोजन, क्लासिकल नृत्य नाटिका दुर्गा स्तुति और गणेश वंदना, इंस्ट्रुमेंटल फ्यूजन जुगलबंदी शामिल हैं।




**कई श्रेणी के एंट्री पास-** समिट में विशिष्ट गवर्नमेंट ऑफिशियल और गवर्नमेंट ऑफिशियल ट्रिपल ए श्रेणी को रेड, गेस्ट ऑफ ऑनर (हाई कमीशन) को ऑरेंज, स्पेशल इनवाइटी को गोल्ड, डेलिगेट को पर्पल, फॉरेन डेलिगेट को टील, मीडिया को ब्राउन, ऑर्गनाइजर, ऑर्गनाइज़र ट्रिपल ए श्रेणी, लाइजनिंग ऑफिसर को ब्लू, इवेंट टीम को रॉयल ब्लू, एक्सीबिटर को ग्रीन, सर्विस प्रोवाइडर और वालंटियर को व्हाइट, एनआरआइ को पिंक पास दिए जाएंगे।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन की तैयारी को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

# भागवत कथा में भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया





भोपाल। श्रीमद् भागवत कथा 17 फरवरी से 23 फरवरी तक समय दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे कथा स्थान भीम नगर खेल मैदान में संपन्न हो रही है परम पूज्य प्रसिद्ध कथावाचक बाल श्री निधि किशोरी वृंदावन द्वारा भगवान की लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है कथा में भगवान श्री कृष्ण की जन्म लीलाओं का भी वर्णन किया और जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया बड़ी संख्या में भक्त कथा का आनंद ले रहे हैं कथा में उन्होंने भक्त पहलाद की कथा सुनाते हुए कहा कि जिस पर प्रभु की दृष्टि हो उसे कोई नहीं मार सकता यह आयोजन समस्त सुंदरकांड महिला मंडल के द्वारा किया जा रहा है यह जानकारी श्रीमती राधा जोगी ने मीडिया को दी वही शंकर मकोरिया ने बताया सभी के जन सहयोग से यह आयोजन संपन्न हो रहा है।

### महाशिवरात्रि पर दादाजी धाम मंदिर में होंगे कई आयोजन

## भव्य शिव बारात निकलेगी, चारों प्रहर में होंगे अभिषेक

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी होगा आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल



रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ट्रस्टी एवं मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य ने बताया है महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। जिसकी शुरुआत 25 फरवरी को भगवान शिव एवं माता पार्वती को मेहंदी हल्दी के साथ होगी। इसमें सांय 7 बजे से मेहंदी हल्दी लगाई जाएगी। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न हॉस्पिटल के सहयोग से एवं प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। मारुति हॉस्पिटल द्वारा जनरल चेक अप, प्रकाश नेत्रालय द्वारा आंखों की जांच एवं तथास्तु डेंटल द्वारा दांतों का चेकअप दादाजी धाम मंदिर में किया जाएगा। शाम 5 बजे से भव्य शिव बारात रथ, डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ वर्धमान सिटी एवं पटेल नगर क्षेत्र मे निकाली जाऐगी। इस अवसर दादाजी धाम मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया जाऐगा। मंदिर में विशेष आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। प्रातः काल से ही मंदिर में अभिषेक प्रारंभ होंगे। एवं अखंड रात्रि चारों प्रहर की विशेष पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। प्रथम प्रहर में चंद्र दोष के लिए दूध से अभिषेक किया जाऐगा। द्वितीय प्रहर में गन्ने के रस से लक्ष्मी प्राप्ति के लिए तृतीय प्रहर में शहद से रोग नाशक के लिए एवं चौथे प्रहर में मोक्ष प्राप्ति के लिए गंगा जल से अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे समय मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले रहेंगे।

## पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी के सभी जिला मुख्यालयों पर स्मार्ट मीटर स्थापना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पंद्रहवें जिला मुख्यालय बुरहानपुर में भी अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। यहां एक हजार स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए हैं। इससे पहले इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, आलीराजपुर, झाबुआ, धार में स्मार्ट मीटर स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। कंपनी के झाबुआ और खरगोन जिला मुख्यालय शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाले शहर घोषित कर दिए गए हैं। कंपनी क्षेत्र में सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर शहर में 4.75 लाख स्थापित कर दिए गए हैं। वहीं कंपनी क्षेत्र के 45 नगरीय निकायों में अब तक 10 लाख 50 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए हैं। प्रतिदिन स्मार्ट मीटरीकरण का कार्य जारी हैं।

## दो युवा फिल्मकार दे रहे एक अनूठी सिनेमाई धारा को आकार

**भोपाल।** मध्य भारत की सांस्कृतिक विरासत के बीच, दो युवा फिल्मकार एक अनूठी सिनेमाई धारा को आकार दे रहे हैं। प्रशस्त और ईशान, एक दशक पुरानी दोस्ती को एक रचनात्मक शक्ति में बदलते हुए, मध्यावर्त नामक अपने सामूहिक प्रयास के माध्यम से साहित्य और सिनेमा का सहज मिश्रण प्रस्तुत कर रहे हैं।मध्यावर्त के तहत, उन्होंने प्रतिष्ठित कवियों पर विचारोत्तेजक वृत्तचित्र बनाए हैं और कालजयी नज़्मों को मंत्रमुग्ध कर देने वाली लघु फिल्मों में रूपांतरित किया है। उनकी रचनाएँ हज़ारों लोगों के दिलों को छू रही हैं, खासकर इंस्टाग्राम पर, जहाँ वे भारत के स्वतंत्र सिनेमा और साहित्यिक परिदृश्य में एक उभरती हुई आवाज़ के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। भोपाल से अपनी जड़ें जोड़ते हुए, मध्यावर्त सिर्फ एक फिल्म निर्माण लेबल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है—जहाँ कविता साँस लेती है, दृश्य संवाद करते हैं, और साहित्य को स्क्रीन पर एक नई सशक्त अभिव्यक्ति मिलती है।





**भोपाल। गोविंदपुरा विधानसभा साकेत नगर में राज्य मंत्री कृष्णा गौर द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण संपन्न किया गया एवं उनकी जन्म जयंती के अवसर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मंत्रीने सभी रहवासियों को इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के मूल्य उपदेश न्याय धर्म व स्वराज्य के मूल्यों को अपने जीवन उतारने का आग्रह किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं एम आई सी सदस्य जितेंद्र शुक्ला, विधानसभा संयोजक तीर्थ राज मिश्रा,प्रताप वारे, नीरज सिंह, सुरेंद्र बड़ीका, अर्चना परमार, नारायण सिंह परमार जी,एवं साकेत नगर गोविंदपुरा विधानसभा के समस्त रहवासी उपस्थित रहे।**

## निगम अमले ने हटाये अतिक्रमण, कंडम वाहन, लोडिंग ऑटो, गुमठियां की जप्त

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण निरोधक कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से खड़े वाहन, गुमठियां, हाथ ठेले, बैरीकेट, टेंट, टीन शेड आदि को हटाया साथ ही कटआउट आदि निकलवाए और कंडम वाहन, लोडिंग ऑटो, गुमठियां, ठेले आदि सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त भी किया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को कोलार रोड, फाईव एवेन्यू, डी-मार्ट, सर्वधर्म पुलिया, कोलार थाना, दानिशकुंज, कटारा हिल्स, स्प्रिंग वैली, रॉयल मार्केट, संत हिरदाराम नगर, मल्टी लेवल पार्किंग, अरेरा कालोनी, ओल्ड कैम्पियन ग्राउंड, में आवागमन को बाधित करने वाले लगभग 250 चार पहिया एवं 300 दो पहिया वाहनों एवं अवैध रूप से निर्मित 07 शेड हटवाने की कार्यवाही की साथ ही 04 कंडम वाहन, 02 लोडिंग ऑटो, 04 बड़ी गुमठियां जप्त की।


## सोच लेस एंजॉय मोर विद केएफसी की बोनलेस रेंज!

टेस्ट द एपिक की करें तैयारी क्योंकि केएफसी की बोनलेस रेंज आपके लिए लेकर आ रही है, बेजोड़ क्रंच के साथ बेमिसाल और लाजवाब जायका। यह इतना आसान है कि सोच लेस एंड एंजॉय केएफसी बोनलेस। ईज़ी और कन्वीनिएंट ऑन-द-गो स्नैक के लिए केएफसी की क्रिस्पी, फिंगर लिकिंग गुड बोनलेस रेंज आपकी हर क्रेविंग को करेगी पूरा। केवल 99 रुपये से शुरू इस रेंज में चिकनलवर्स को मिलेंगे केएफसी के बेस्टसेलिंग मेन्यू से दो स्वादिष्ट बोनलेस विकल्प।


## लाला रामदेव मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**भोपाल।** लाला रामदेव भगवान मंदिर का 15 का स्थापना दिवस धूमधाम से दीपड़ी भोपाल मे मनाया गया। सुबह बाबा का अभिषेक हुआ पूजन,श्रृंगार, भोग, हवन एवं महाआरती के बाद दोपहर 1 बजे कन्या भोज भंडारा हुआ। इस दौरान सेवक विष्णु विश्वकर्मा एवं समस्त विश्वकर्मा परिवार उपस्थित रहा।

### निरोगी काया अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

## 31 मार्च तक 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों की निःशुल्क की जाएगी जांच

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

मध्यप्रदेश में निरोगी काया अभियान 20 फरवरी से 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित इस अभियान के तहत प्रदेशभर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों की निःशुल्क जाँच की जायेगी।

अभियान का मुख्य उद्देश्य मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान और निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है। ये बीमारियाँ प्रारंभिक अवस्था में बिना लक्षणों के होती हैं, लेकिन आगे चलकर हृदय रोग, लकवा, किडनी व लीवर की बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इसलिए इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य जांच, रोग की शीघ्र पहचान और सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस अभियान का विशेष लाभ जनजातीय एवं वनवासी समुदायों को मिलेगा। इन्हें रोगों की रोकथाम, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशे से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें।स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्हें प्राथमिकता से जांच और इलाज की सुविधा दी जाएगी।

## सेवा सदन में 24 मार्च से होगा 100वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में जीव सेवा संस्थान के सहयोग से सोमवार 24 मार्च से 100वां निःशुल्क युरोलॉजी शिविर लगाया जायेगा। शिविर में पेशाब से संबंधित बीमारियों जैसे मूत्र नली में पथरी, प्रोस्टेट बढ़ने, हाइड्रोसिल जैसी बीमारियों की निःशुल्क जांच और उपचार किया जायेगा। इनमें से यदि कोई ऐसा रोगी जिसकी बीमारी आपरेशन से ही ठीक होगी तो उसका निःशुल्क आपरेशन भी किया जायेगा। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के आइ.एच.एल खण्ड में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रोगियों का पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन 24 मार्च तक रविवार छोड़कर प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मरीज, मोबाईल नम्बर 6260392547 पर भी पंजीयन करवा सकते हैं। 100वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर सोमवार 24 से 31 मार्च तक चलेगा। 24 से 27 मार्च तक डॉक्टरों से परामर्श और रोग संबंधी सभी प्रकार की जांचें की जायेगी। आपरेशन के लिये चिन्हित रोगियों को 27 मार्च को अस्पताल में भर्ती किया जायेगा। युरोलॉजी विशेषज्ञों द्वारा 28 से 30 मार्च तक रोगियों के आपरेशन किये जायेंगे। पोस्ट ऑपरेटिव केयर के बाद रोगियों को अस्पताल से छुट्टी दी जायेगी। परमहंस संत हिरदाराम साहिब के आशीर्वाद एवं संत सिद्ध भाऊ की प्रेरणा से संत नगर में वर्ष 1994 से निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर लगवाना शुरू किये थे। तब से 2024 तक कुल 99 शिविर लगाये गये हैं। वर्ष 1994 से 2024 तक लगे 99 शिविरों में 52 हजार से अधिक रोगियों की जांच और उपचार किया गया हैं। उनमें से 11,300 रोगियों के निःशुल्क यूरोलॉजी आपरेशन किये गये हैं।

इनमें 3641 प्रोस्टेट, 1996 पत्थरी, 2162 हर्निया, 476 सर्कमसीशन, 618 सिस्टोस्कॉपी, 494 युआरएस, 545 ब्लेडर स्टोन तथा 1300 से अधिक अन्य प्रकार की शल्य क्रियाएं शामिल हैं। शिविर में डॉ. दर्शन शाह तथा डॉ. नरेश हिमथानी अहमदाबाद, डॉ. जितेन्द्र अमलानी तथा डॉ. अमीश मेहता राजकोट, डॉ. दीपक राजगुरू मेहसाणा, डॉ. हीथ अमलानी कोच्चि, डॉ. प्रवीण बलदानिया महुआ, डॉ. गौरव बवादिया सूरत, डॉ. नीरज शर्मा फरीदाबाद, डॉ. श्याम लालचंदानी वडोदरा, डॉ. राजेन्द्र पंजाबी इन्दौर तथा डॉ. दीपक जैन, डॉ. दीपक झांगियानी, डॉ. सी.पी. देवानी, डॉ. सुधीर लोकवानी, डॉ. टी.के. ज्ञानचंदानी, डॉ. जी.टी. खेमचंदानी, डॉ. लाल किशनानी, डॉ. प्रीति मोतियानी, डॉ. दिलीप चोटरानी भोपाल आदि ने शिविर में सेवाएं देने की सहमति दे दी है।

## संदीप पाठक को माखनलाल पत्रकारिता अवॉर्ड से किया गया सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर।** खोजी पत्रकार यूनियन एवं युवा पत्रकार संघ के तत्वाधान में गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यप्रदेश के सभागार में सम्मान एवं अवॉर्ड 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली, मुंम्बई समेत प्रदेश भर के 70 पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस आयोजन में पीपुल्स समाचार के संवाददाता एवं संत हिरदाराम पत्रकार संघ के अध्यक्ष संदीप पाठक को माखनलाल पत्रकारिता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए कमलेश रायचंदानी एवं राधेश्याम अग्रवाल को सम्मानित किया गया। खोजी पत्रकारिता 2025 अवॉर्ड मुनीर खान को दिया गया, सरोजनी नाड्यू कुमारी प्रेरणा गौतम, रानी झांसी रजनी लिटौरिया, क्रियेटर अवार्ड मुंम्बई फिल्म ड्रेस डिजाइनर कुमारी स्मृति गौतम, जंसम्पर्क अवार्ड अरुण राठौर एवं राजेश पांडेय को दिया गया। यह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूलाल बंजारा कैबिनेट मंत्री दर्जा मध्यप्रदेश के मुख्य अतिथि में किया गया। इस अवसर पर पत्रकार राजेन्द्र सिंह जादौन भी उपस्थित थे।



# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे बागेश्वर धाम, बोले- बेटियों का विवाह हो और मामा न आए ऐसा नहीं हो सकता

**छतरपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सभी बेटियों के मामा के रूप में पहचान बनाने वाले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को बागेश्वर धाम पहुंचकर बालाजी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बालाजी का आशीर्वाद लेने के बाद महाराज श्री का भी आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्होंने समूचे आयोजन के संबंध में महाराज श्री से चर्चा की। बुंदेलखंड के इस अनूठे आयोजन पर उन्होंने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महाराज श्री ने जो बीड़ा उठाया है वह जनकल्याण का है और इस तरह का आयोजन समाज को जोड़ने का काम करता है। शिवराज नेकहा कि बेटियों का विवाह हो और मामा न आए ऐसा नहीं हो सकता।



## केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह से उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की भेंट

**भोपाल।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उन्होंने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह से भोपाल में 24-25 फ़रवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की जानकारी दी और उन्हें इस आयोजन से जुड़ी संभावनाओं से अवगत कराया।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता को दी बधाई



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता के नेतृत्व में नवगठित मंत्रिपरिषद विकसित दिल्ली का सपना साकार करेगी और राजधानी का चहुँमुखी विकास होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल नई दिल्ली में नवगठित मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

# 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक 139 कलाकारों ने किया वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन

### 51वें खजुराहो नृत्य समारोह का हुआ शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ईश्वर की साधना को समर्पित वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन गिनीज विश्व रिकॉर्ड से नृत्य साधकों का मान बढ़ेगा। यह देश की संस्कृति और नृत्यसाधको के लिए गौरव का क्षण है। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विश्व पटल पर उपलब्धि दर्ज करने का यह सर्वोत्तम साधन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खजुराहो में 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिनीज विश्व रिकॉर्ड से पूरी दुनिया भारत की विविध और समृद्ध संस्कृति से प्रकाशमान होगी। 24 घंटे 9 मिनट 26 सेकंड तक 139 नृत्य कलाकारों की अविरल साधना से बना विश्व रिकॉर्ड न सिर्फ कला साधकों का हौसला बढ़ाएगा बल्कि शासन के संस्कृति और विरासत को सहेजने के प्रयासों को भी गति देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती पावन और पवित्र है। यहाँ पत्थर भी चमकता है तो हीरा कहलाता है। मनुष्य चमकता है तो बुंदेला कहलाता है। वैसे ही बुंदेलखंड में नृत्य होता है तो वह अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह कहलाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शास्त्रीय नृत्यों का सृजन भगवान की साधना के लिए किया गया है। जैसे कथकली में भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, जीवन और गतिविधियों को दिखाया जाता है। इसी तरह भगवान नटराज ने तांडव नृत्य और आनंद नृत्य का सृजन किया है। आज बने गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड से शास्त्रीय नृत्य की सतत प्रस्तुति से समय की निरंतरता को भी प्रदर्शित किया है। जिस तरह ब्रह्मांड में आकाशगंगा ब्लैक होल की ओर बढ़ती है और सौरमंडल में सूर्य एवं अन्य गृह अपनी गति से चलायमान है। समय को परमात्मा का स्वरूप माना गया है। इसलिए समय का सदुपयोग जीवन में सबसे आवश्यक है। गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाने का शुभारंभ 19 फरवरी, 2025 को दोपहर 2:34 बजे आरम्भ हुआ, जिसे 20 फरवरी, 2025 दोपहर 2:43 बजे तक नृत्यसाधकों की निरंतर प्रस्तुति से अंजाम तक पहुँचाया गया। इसके परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश के नाम एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड रच दिया गया। संस्कृति विभाग द्वारा संयोजित गतिविधि में 139 नृत्य कलाकारों ने प्रतिभागिता की और निरंतर 24 घंटे 9 मिनट तक कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, ओडिसी नृत्यों की प्रस्तुति दी। वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) की अंतिम प्रस्तुति भरतनाट्यम की थी। गिनीज टीम द्वारा इसे वर्ल्ड रिकॉर्ड घोषित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रमाण-पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष सभी 139 नृत्य कलाकारों ने नृत्य की समवेत प्रस्तुति तराना अनंत को प्रदर्शित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों ने गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रुप फोटो खिंचवाया।

# 10 साल से एक ही जिले में जमे पुलिस वालों की पीएचक्यू ने जानकारी मांगी




**भोपाल।** दस साल से एक ही जिले में जमे पुलिस वालों के अब उन जिलों में दिन पूरे हो गए। ऐसे पुलिस वालों को वहां से हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई। इसलिए कि एक ही जगह रहने से कामकाज में उनकी निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने हर जिले से ऐसे पुलिस कर्मचारियों के नाम और ब्यौरा अगले 7 दिन में मांगा है। तय है कि जल्द ही इन्हें अन्यत्र भेजा जाएगा।

पुलिस मुख्यालय भोपाल से जारी पत्र ने ऐसे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टेंशन बढ़ा दी। मुख्यालय से सभी आईजी और एसपी को पत्र जारी कर ऐसे डीएसपी, इंस्पेक्टर्स और सब इंस्पेक्टर्स की जानकारी मांगी है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) के हस्ताक्षर से डीजी विशेष पुलिस स्थापना, डीजी लोकायुक्त, डीजी ईओडब्ल्यू, सभी रेंज के आईजी, सभी जिलों के एसपी के अलावा अन्य पुलिस इकाई प्रमुखों को पत्र जारी कर उनके यहाँ 10 साल से पदस्थ पुलिस वालों की जानकारी मांगी गई।

जारी पत्र में कहा गया कि कई पुलिस अधिकारी लंबी अवधि से एक ही जिले में जमे हैं। इसके फलस्वरूप उनके द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही करने में कई बार प्रश्न उठते हैं। अत: आपके जिला/इकाई अंतर्गत पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक एवं उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की पृथक-2 सूची तैयार कराएं, जो एक ही जिले में 10 साल से अधिक समय पदस्थ रहे हों।मुख्यालय ने इसका एक प्रोफार्मा भी अधिकारियों को भेजा है, जिसमें पूरी जानकारी भरकर मांगी गई। आदेश में कहा गया है कि मांगी गई जानकारी 7 दिन में भेजी जाए।

# कांग्रेस की कमान संभालते ही हरीश चौधरी का जोरदार स्वागत, मप्र में नई रणनीति पर जोर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश के प्रभारी बनाए गए हरीश चौधरी गुरुवार को पहली बार भोपाल पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने चौधरी का स्वागत किया। एयरपोर्ट से पीसीसी तक जगह-जगह नेताओं ने अलग-अलग स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं शून्य समझ के साथ आया हूं। यहां पर सहयोगी की भूमिका में रहकर मिशन मध्य प्रदेश पर काम करूंगा। मेरी राजनीतिक समझ शून्य है। हरीश चौधरी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिले। चौधरी ने पीसीसी में कांग्रेस के विधायकों, पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जयवर्धन सिंह, विभा पटेल सहित कई विधायक, पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष मौजूद रहें। हरीश चौधरी मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं अपने आप को छात्र स्वीकार करता हूं। मैंने कांग्रेस पार्टी से पद या टिकट नहीं मांगी। कांग्रेस पार्टी जो तय करेगी, उसका अनुसरण करूंगा। मैं नेहरू वादी हूं। मेरे शब्द में समझ में कोई अंतर नहीं है। वहीं राजस्थान के जाट और राजपूत में सांमजस्य है। बीजेपी की कोशिश रहती है कि, कांग्रेस को खंड-खंड में करे, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। अनुशासन हमारी पहली प्राथमिकता है। वहीं 25 को धार आ रहे हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बैठक में कहा कि मीडिया हमारा नहीं हैं, इसलिए सबको जुबान पर ध्यान की जरूरत है। हमारी पार्टी लाइन दिल्ली से होती है। उसी के आधार पर हम लोग चलें, जुबान पर कंट्रोल करें। जिला स्तर के नेता यदि बयान देते हैं तो उसे प्रदेश स्तर पर कैसे प्रमुखता से चलवाया जाए, बीजेपी की यह कोशिश होती है। पटवारी ने कहा अभी मैं अमरकंटक गया था, वहां नर्मदा जी के उद्गम स्थल के पास एक हाथी की मूर्ति है, उसके नीचे से श्रद्धालु निकलते हैं। लेकिन, नेता लोग नहीं निकलते। मैं उस हाथी के नीचे से निकला। बाद में मैंने अपना वीडियो देखा, तब मेरे मन में ये विचार आया कि यदि हाथी के नीचे फंस जाता तो क्या होता। लेकिन, फिर मैंने सोचा कि मुझे विश्वास था कि, मैं इस हाथी के नीचे निकल जाऊंगा और निकलकर आया। ऐसे ही सबको कोई भी काम करने से पहले पार्टी पर क्या असर होगा, यह सोचना चाहिए।

### बैठक मे बनी आगे की रणनीति

बैठक में प्रदेश संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावों की तैयारियों, संगठनात्मक बदलाव और पार्टी की रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूती देने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के संकल्प को दोहराया। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी को संगठित होकर काम करना होगा। उन्होंने पार्टी की एकता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हम सबको मिलकर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाना है और जनहित के मुद्दों को प्रदेश भर में प्रभावी ढंग से उठाना है, जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक पूरी ताकत के साथ विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करना है। आगामी कार्ययोजना बनाकर जल्द ही प्रदेश भर में भ्रमण कर पार्टी की मजबूती के लिए एक-एक कार्यकर्ता से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की जायेगी।

# 5 शहरों में लागू होगी नयी इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल पॉलिसी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में सुरक्षित, सुगम एवं किफायती परिवहन के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 तैयार की गई है। इसका उददेश्य पर्यावरण प्रदूषण एवं ईंधन की निर्भरता को कम कर गैर-ईंधन वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2019 में लागू इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी की अवधि समाप्त होने के बाद इस नवीन नीति में दोपहिया, तिपहिया वाहन, कार-बस, हल्के वाणिज्यिक वाहन ट्रक, ट्रैक्टर एवं एम्बुलेंस को शामिल किया गया है। पंच वर्षीय इस नीति में प्रदेश के प्रमुख संभागों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं उज्जैन को मॉडल इलेक्ट्रिक व्हीकल शहर घोषित किए गए हैं। इसके अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक रोड मेप तैयार किया गया है।

इस योजना में 80 प्रतिशत शासकीय वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में परिवर्तित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन का प्रावधान रखा गया है, जिसमें नियामक रूप में ई-वाहनों के लिये पंजीकरण शुक्ल में छूट एवं डीजल-पेट्रोल वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहन में कन्वर्ट करने केलिये एक वर्ष के लिये रेट्रोफिटिंग प्रोत्साहन राशि का प्रावधान भी रखा गया है।

**ग्रीन नंबर प्लेट:** ई-वाइनों की विशेष पहचान के लिये ग्रीन नंबर प्लेट लगवाई जा रही है। निजी उपयोग वाले ई-वाहनों को हरी नंबर प्लेट पर सफेद अक्षर एवं कॉमर्शियल उपयोग के वाहनों को हरी नंबर प्लेट पर पीले अक्षर निर्धारित किये गये हैं। ई-व्ही मॉडल शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों की पार्किंग के लिये पृथक से स्थान सुरक्षित रखे जायेंगे। ई-मोबिलिटी जोन निर्माण के लिये धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के पर्यटक गांव, प्रौद्योगिकी केन्द्र एवं विशेष आर्थिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र सुरक्षित रखे गये हैं।

### प्रत्येक 20 किमी पर होंगे चार्जिंग स्टेशन

ई-वाहनों की चार्जिंग के लिये राजमार्ग और प्रमुख सड़कों पर प्रत्येक 20 किलोमीटर के अंतराल पर कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की जायेगी। भारी वाहनों के लिये 10 किलोमीटर पर राजमार्ग के दोनों ओर एक फास्ट चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की जायेगी। इसके अलावा चिन्हित ई-व्ही पायलेट शहरों में प्रत्येक एक कि.मी. पर चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार, समारोह अरुणोदय 2025 का आयोजन



**जबलपुर।** पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार, माया शुक्ला स्मृति महिला पत्रकारिता पुरस्कार व सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनषड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार समारोह अरुणोदय 2025 का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पं.अरुण शुक्ला के जन्मदिन एवं निर्वाण तिथि 20 फरवरी को अपरान्ह 3.30 बजे अरुणोदय यशभारत कार्यालय परिसर शताब्दिपुरम उखरी में गरिमामय माहौल में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह अरुणोदय 2024 में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

भव्यता व गरिमामय माहौल में कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्तिवाचन के बीच अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।अतिथियों ने स्व. अरुण शुक्ला एव श्रीमती सुशीला शुक्ला के तैल चित्र पर भी माल्यार्पण कर उनको आदरांजलि दी।

समारोह के मुख्यअतिथि आशीष दुबे सांसद जबलपुर थे। जबकि अध्यक्षता जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर ने की विशिष्ट अतिथि के रुप में अनिल कुशवाह पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर ,दीपक सक्सेना कलेक्टर , एसपी लोकायुक्त संजय साहू, पीके मिश्रा कुलगुरू जेएनकेविवि ,रादुविवि कुलगुरु प्रो राजेश वर्मा , लोकेश लिलहारे कमिश्नर जीएसटी सेंट्रल एक्साइज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा मोजूद रहे।अतिथियों ने कहा कि खोज परक समाचार निकाल कर उसे निर्भीकता के साथ पाठकों तक पहुंचना ही असल में पत्रकारिता है।

# प्रदेश में न्यायिक अधिकारियों का बड़ा फेरबदल, कई जिलों में नए जज नियुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेश के कई जिलों में न्यायिक अधिकारियों का तबादला और नवीन पदस्थापना की है। इस संबंध में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल (महासचिव) धर्मेंद्र सिंह द्वारा आदेश जारी किया गया है। इंदौर के जज गंगाचरण दुबे को प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मंदसौर से XXVI जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के पद पर इंदौर में पदस्थापित किया गया है। देवेश उपाध्याय जो पहले इंदौर में XXVI जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश थे, अब ग्वालियर में III जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के रूप में सेवाएं देंगे।

श्याम सुंदर झा, जो पहले ग्वालियर में III जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश थे, अब सिहोरा (जबलपुर) में I जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के रूप में सेवाएं देंगे। डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, III जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मंदसौर, को डॉ. अंबेडकरनगर (इंदौर) में पदस्थापना दी गई है। डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज मंदसौर विशाल शर्मा अब III डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल जज अंबेडकर नगर इंदौर के रिक्त पद में नियुक्त किया गया।

जबलपुर में आय से अधिक संपत्ति के मामलों पर विशेष दक्षता रखने वाले जज अमजद अली को डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज जबलपुर से अब IV डिस्ट्रिक्ट AND सेशन जज ब्यौरा रायगढ़ बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य जिलों में भी बदलाव किए गए हैं प्रदेश के अन्य जिलों में भी न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की गई हैं, जिनमें बड़वाह, शाजापुर, जबलपुर, मैहर, विदिशा, मुलताई, धार, रतलाम और भोपाल आदि शामिल हैं। कई रिक्त पदों पर भी नियुक्तियां की गई हैं।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कुछ अधिकारियों के स्थानांतरण उनके स्वयं के खर्च पर किए गए हैं। इनमें जज गंगाचरण दुबे, जज कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया और जज श्याम सुंदर झा नाम हैं। हाईकोर्ट द्वारा किया गया यह फेरबदल न्यायिक प्रशासन को सुचारू बनाने और विभिन्न जिलों में न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। नए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति से लंबित मामलों के निपटारे में भी तेजी आने की संभावना है।

हाईकोर्ट द्वारा जारी किए गए आदेश की प्रति क्रमांक 393/गोपनीय/2025, दिनांक 11-2-2025 को जारी की गई है, जिसमें सभी नियुक्तियों और तबादलों का विस्तृत विवरण दिया गया है। इस फेरबदल में उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो जिला न्यायाधीश और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के पदों पर कार्यरत हैं। कुछ जजों को उनके वर्तमान पद से स्थानांतरित करके दूसरे जिलों में समान या भिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है। कुछ अधिकारियों को रिक्त पदों पर नियुक्त किया गया है, जो पहले से खाली थे। यह आदेश मध्य प्रदेश में न्यायिक प्रणाली के सुचारू संचालन और दक्षता को बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट के प्रयासों का हिस्सा है।

# रेखा के हवाले दिल्ली

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलतः राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है।

वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी। लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले ही आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है।

# यह महिलाओं की बढ़ती आकांक्षा की शिरो 'रेखा' है....



अजय बोकिल



दिल्ली प्रदेश और देश की राजधानी दिल्ली में नई मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का चुनाव इस अर्द्धराज्य में केवल एक ?महिला चेहरे को प्रोजेक्ट करना भर नहीं है बल्कि मतदाता से लेकर उपभोक्ता के रूप में देश में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, महत्वाकांक्षा, अपेक्षा और समाज में बराबरी के ट्रीटमेंट के आग्रह का सकारात्मक स्वीकार भी है। साथ ही यह महिलाओंकी सत्ताकांक्षा के चमकते अक्षरों की शिरो रेखा भी है। लोक लुभावन योजनाओं( जिसे रेवड़ी कल्चर न भी कहें) के कारण ही सही, देश में चुनाव में महिलाओं की निर्णायक हिस्सेदारी ने भाजपा जैसे राजनीतिक दल को भी मजबूर कर दिया है कि वह नारी शक्ति के राजनीतिक स्वरूप न केवल सम्मान व मान्यता देना जारी रखे बल्कि देश की आधी आबादी को यह संदेश दे कि समूचे राजनीतिक तंत्र में उनकी भी उतनी ही अहम भूमिका है। बताया जाता है कि दिल्ली सीएम पद की दौड़ में शुरू में अंजान चेहरा मानी जाने वाली रेखा गुप्ता का दावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समर्थन से लगातार मजबूत होता गया। संघ चाहता था कि देश में बदलाव लाना है तो महिलाओं को हर क्षेत्र में सम्मान और अवसर देना होगा। दिल्ली राज्य की कमान महिला के हाथों में सौंपने का संदेश पूरे देश में जाएगा। मुख्यमंत्री के संदर्भ में ही देखें तो आज देश में 28 राज्यों में केवल एक महिला मुख्यमंत्री हैं और वो हैं ममता बैनर्जी। उनके बाद केन्द्र शासित अर्द्ध राज्य दिल्ली की मुख्यदमंत्री रेखा गुप्ता होंगी। जबकि सीएम पद की दौड़ में कल तक सबसे आगे उन प्रवेश वर्मा का नाम था, जिन्हें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराने के कारण 'जायंट किलर' कहा गया। लेकिन दिल्ली जैसे देश की राजधानी में सियासी पांसे कुछ अलग और दूरगामी मानदंडों पर चले गए। परिवारवाद, जाट नेता होना, हरियाणा में बीजेपी की एंटी जाट पॉलिटिक्स उनके आड़े आई। यूं दिल्ली भले ही छोटा सा राज्य हो, लेकिन वहां का कोई भी घटनाक्रम देशव्यापी संदेश लिए होता है। फिर चाहे रेखा गुप्ता का मुख्यमंत्री के रूप में अवतार हो या फिर महाकुंभ यात्रियों की रेलवे की अव्यवस्था के कारण मिली सद्गति हो। ऐसा नहीं है ?कि भाजपा में रेखा गुप्ता के रूप में पहली बार कोई महिला सीएम पद की बागडोर संभाल रही है। इसके पहले बीजेपी में सुषमा स्वराज, वसुंधरा राजे, उमा भारती, आनंदी बेन पटेल ये जिम्मेदारी बखूबी संभाल चुकी हैं। इनमें से वसुंधरा राजे तो अभी तक फिर से सीएम बनने का सपना पाले हुए हैं। लेकिन भाजपा में मोदी-शाह युग के दौरान शीर्ष सत्ताधारी महिलाओंकी संख्या में कमी आने लगी। इसका एक कारण पार्टी की नई और बेहद आक्रामक कार्य शैली भी हो सकता है। हालांकि दूसरी तरफ बीते दशक में नए नारी चेहरे जैसे स्मृति ईरानी, निर्मला सीतारमन भी नमूदार हुए। निर्मला तो देश की वित्त मंत्री के रूप में बहुत बड़ी जिम्मेदारी कुशलता से निभा रही हैं। लेकिन राज्यों में कमान महिला नेत्रियों के हाथ से फिसलती जा रही थी। इसके विपरीत लोकतंत्र के उत्सव चुनावों में साल दर साल महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। 2024 के आम चुनाव की बात करें तो महिला और पुरूष मतदाताओं के बीच अंतर बहुत बारीक रह गया था। यानी मतदान में महिलाएं अगर पुरूषों की बराबरी कर रही हैं तो यह नेतृत्व में महिलाओं के समान हिस्सेदारी की जोरदार दस्तक है, जिसे अनसुना करना अब संभव नहीं है। लोकसभा की ही बात करें तो यह प्रतिनिधित्व महिला आरक्षण बिल में प्रस्तावित 33 फीसदी से काफी कम है और जिस अनुपात में महिलाएं वोट कर रही हैं, उससे भी काफी कम है। एक तरफ चुनाव में महिलाओं का लगातार ज्यादा वोट करना तो दूसरी तरफ नेतृत्व के फलक पर महिलाओंका हाशिए पर जाते जाना अपने आप में चिंतनीय और विसंगतिभरा है। हो सकता है कि इसके पीछे पुरूषवादी सोच भी हो, लेकिन यह जीवन के हर क्षेत्र और खासकर राजनीति में महिलाओंकी बढ़ती भागीदारी के तकाजे से मेल नहीं खाता।

यूं तो हर चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन मध्यप्रदेश में महिलाओं को सीधे नकदी देने वाली ' लाडली बहना योजना ने 2023 के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक उपभोक्ता के रूप में स्थापित किया। हर माह पैसे की रेवड़ी ने महिलाओ को सरकार बनाने में अपनी भूमिका बड़े पैमाने पर निभाने के लिए प्रेरित किया। लिहाजा वो अब काफी हद तक निर्णायक भूमिका में है। वोटर के रूप में महिलाओं का यह दबाव भी राजनीतिक दलों को विवश कर रहा है कि वो महिला नेतृत्व को मान्यता दें, उसका आदर करें। सत्ता की अपनी मुट्ठियां ढीली कर उन्हें मौका दें। यूं दिल्ली की मुख्यमंत्री के अधिकार सीमित हैं। बावजूद इसके शीला दीक्षित जैसी मुख्यमंत्री ने अपने काम से छाप छोड़ी थी। रेखा गुप्ता को कितनी आजादी से काम करने दिया जाएगा, डबल इंजन सरकार में वो कितना ईंधन झोंक पाएंगी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभा मंडल में अपनी जगह कितनी बना पाएंगी, चुनाव के दौरान भाजपा ने यमुना सफाई से लेकर दिल्ली को सुंदर राजधानी बनाने जैसे बड़े बड़े वादे किए हैं, उन्हें कितना पूरा कर पाएंगी, यह अभी कहना मुश्किल है। लेकिन रेखा गुप्ता के लिए यह अवसर जरूर है कि वो अपने काम और शैली से भाजपा की एक राष्ट्रीय स्तर की नेता के रूप में उभरें। वो रिक्त जगह भरने की कोशिश करें, जो सुषमा स्वराज के निधन और किसी हद तक स्मृति ईरानी के चुनाव हारने के बाद खाली है।

वैसे रेखा गुप्ता को सीएम बनाकर बीजेपी ने आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल के चौथी बार सीएम बनने की संभावनाओंको भी कुंद कर दिया है। रेखा गुप्ता के सामने उन्हें अपनी नेता आतिशी मार्लेना को ही आगे करना पड़ेगा। दूसरे, रेखा भी केजरीवाल की तरह हरियाणा मूल की हैं और उस वैश्य समुदाय से हैं, जो बीजेपी का कोर वोटर रहा है, लेकिन दिल्ली की राजनीति में उसका केजरीवाल के प्रति सॉफ्ट् कॉर्नर रहा है। लेकिन इससे भी बड़ी बात भाजपा में काम करने वाली उन लाखो महिला कार्यकर्ताओं और करोड़ो महिला वोटरों के लिए भी यह सकारात्मक संदेश है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था में उनकी भी उतनी ही ?अहमियत है और इसे चाहकर भी कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता।

**कार्यकारी प्रधान संपादक**
**विशेष टिप्पणी**

# भारत में हर अवैध काम करने वाले के मानवाधिकार हैं

रमण रावल

हमारा देश वाकई दुनिया में सबसे अलग है,विचित्र है। यहां नागरिक के भले ही कुछ कर्तव्य न हो, लेकिन सरकार की बाध्यतायें अनंत हैं। यह मामला तब अधिक चर्चा में आ जाता है, जब किसी भी तरह कि अवैध गतिविधि में लिप्त व्यक्ति या समूह के गलत आचरण की बात उठे।

हाल ही में अमेरिका से अवैध प्रवासियों के देश निकाला मामले की भारत में भरपल्ले चर्चा इस मायने में है कि भारतीय मूल के उन अवैध प्रवासियों को अमेरिका हथकड़ी-बेड़ी में मालवाहक जहाज से भारत भेज रहा है। इस पर हंगामा बरपा है कि सरकार अपने नागरिकों के मान-सम्मान की रक्षा नहीं कर पा रही है। अपने मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से एतराज नहीं जता रही और भारतीयों के सुरक्षित व सम्मानजनक वापसी का दबाव नहीं बना रही है।



मोटे तौर पर यह सोच बनता है कि जब नागरिकों का देश निकाला हो तब उन्हें उचित तौर-तरीकों से भेजा जाये, उससे पहले भले ही उस देश की सरकार ने उनके साथ अपराधियों की तरह व्यवहार किया हो और कैदियों की तरह रखा हो। यह ऐसी एक अतिरिक्त शिष्टाचारी क्रिया है, जिसे अपनाना अवैध प्रवासी पीड़ित राष्ट्र के लिये बाध्यकारी तो बिल्कुल नहीं कह सकते। यह तो उसके सौजन्य पर निर्भर करता है। फिर,अवैध प्रवासी उसके मित्र राष्ट्र के हों या दुश्मन राष्ट्र के अथवा किसी कम हैसियत वाले मुल्क के। इसे तय करने का पूरा अधिकार उस देश की शासन व्यवस्था का ही रहेगा। ऐसे में अमेरिका अवैध भारतीय घुसपैठियों को जेल में ठूंस कर रखने के बाद हथकड़ी-बेड़ी में भेज रहा है तो किसी भी तरह का राजनयिक शिष्टाचार आड़े नहीं आता।

इसे लेकर आये दिन भांति-भांति की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। ऐसे तमाम मौकों पर विपक्ष,खास कर कांग्रेस,मीडिया व कथित बुद्धिजीवियों का एक वर्ग खासा आक्रामक हो जाता है। उसे याद आते हैं,उन जैसे अवैध काम करने वालों के मानवाधिकार । वे ताने-उलाहने दे रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जाकर ट्रम्प से गले मिल रहे हैं,उनसे सम्मान पा रहे हैं, किंतु अपने नागरिकों के साथ बर्बर बरताव के लिये ट्रम्प से कुछ नहीं कह रहे। ये वे ही लोग हैं जो अजमल कसाब की फांसी रोकने के लिये आधी रात को सुप्रीम कोर्ट के जज को उठाकर दया याचिका स्वीकार करने का दबाव बनाकर सुनवाई करवाते हैं। ये लोग संसद पर हमले के दोषी बुरहान वानी के समर्थन में लंबी लड़ाई लड़ते हैं और जेएनयू के जुझारू युवा नारे लगाते हैं कि भारत तेरे टुकड़े होंगे। ये ही लोग हाफिज सईद को जी कहकर बुलाते हैं और अफगानिस्तान जाकर बाबर की कब्र पर मातम करते हैं। ये ही लोग वक्फ बोर्ड को देश में कहीं पर भी खाली पड़ी शासकीय-निजी जमीन को अपने मालिकी की बताने के पूरी तरह से अवैधानिक असीमित अधिकार दे देते हैं। ये ही लोग उप्र में आतंक के पर्याय अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी को भाई जान बोलकर उनकी दाढ़ी में हाथ डालकर चिरोरी करते हैं कि वे थाने को बंधक न बनाये,हथियार न लूटे,थानेदार की पिटाई न करे और जमीनों पर कब्जे की खुली छूट दे देते हैं। ये ही लोग उस आजमी का समर्थन करते हैं जो सार्वजनिक तौर पर कहता है कि उनकी सरकार आने पर कलेक्टर से जूते साफ करवायेंगे।

ये ही लोग अब अवैध प्रवासियों की सम्मानजक वापसी की पैरवी का रूदन कर रहे हैं। हद तो यह है कि पंजाब के मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत सिंह मान चेतावनी देते हैं कि वे इन प्रवासियों की अगली खेप अमृतसर,चंडीगढ़ या पंजाब में कहीं नहीं उतरने देंगे। बताइये, कितना हास्यास्पद और गैर जिम्मेदार बयान है, जैसे पंजाब एक पृथक राष्ट्र हो, जहां भारत राष्ट्र के नागरिकों को नहीं उतारा जा सकता। यह तब है, जब ज्यादातर अवैध अप्रवासी पंजाब राज्य के ही होते हैं। कोई इनसे क्यों नहीं पूछ रहा कि अपना घर-बार बेचकर, मां-बाप की जीवन भर की कमाई दांव पर लगाकर वे बिना किसी वैध दस्तावेजों के अमेरिका गये क्यों थे? तब क्या ये सरकार से पूछ-बताकर गये थे। क्या इन्हें इतना भी पता नहीं था कि किसी और देश जाकर वहां से अमेरिका में घुसना अवैध होगा ?हद तो यह भई है कि ये ही लोग उन अवैध प्रवासियों को भारत सरकार के विशेष विमान से वापस लाने की पैरवी करते हैं। शर्म आनी चाहिये उन लोगों को जो किसी प्राकृतिक आपदा,युद्ध या विशेष परिस्थितियों में विदेश में फंसे अपने नागरिकों को लाने विशेष विमान भेजने जैसी बात इन अवैध आचरण के दोषी लोगों को लाने के लिये कह रहे हैं।

जब ये तमाम लोग भारतीय रुपये की चमक और देश के सम्मान का सौदा कर डॉलर के लालच में कोई भी तरीका अपनाने को बेकरार थे, तब अब दिक्कत ही क्या है? उन्हें यह क्यों लगता है कि उन्हें अमेरिका अपने देश की जेल में राजनीतिक मेहमान बनाकर रखेगा, बिरयानी-पुलाव खिलायेगा और चार्टर प्लेन से भारत वापस भेजेगा? देश में कुछ नस्लें अभी-भी ऐसी हैं, जो सरकार के विरोध के नाम पर लोकतांत्रिक व्यवस्थायें मानना नहीं चाहतीं। उन्हें राजनयिक शिष्टाचार से भी लेना-देना नहीं । प्रगतिशील, सुधारवादी, मानवाधिकारवादी की आड़ में वे अपनी ही सरकार को किसी भी मसले पर आड़े हाथ लेना नहीं छोड़ते। इनमें विपक्ष के अलावा वे लोग भी हैं जो विशेष कर अमेरिका की विभिन्न भारत विरोधी संस्थाओं से एनजीओ व अन्यान्य नामों पर भारी भरकम रकम प्राप्त करते हैं और वफादारी दिखाते हुए अपनी ही सरकार को आंखें दिखाते हैं। ऐसे लोगों की दुकानों के शटर तेजी से बंद हो रहे हैं। सारी तकलीफ इसी बात की है।

# ममता उवाच : कोई नई बात नहीं

राकेश दुबे

वैसे यह कोई नई बात नहीं है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को 'मृत्यु-कुंभ' करार दिया है। यह राजनीतिक, सांप्रदायिक और सनातन-विरोधी बयान है। इसे हमेशा की तरह नजरअंदाज करना ही बेहतर है, क्योंकि हर अनर्गल बयान का पलटजवाब देना उचित और जरूरी नहीं है। ममता हिंदू-विरोधी बयान तो दे सकती हैं, लेकिन इस्लाम या किसी अन्य धर्म, संप्रदाय, मत, आस्था-विश्वास के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करके दिखाएं, तो बंगाल में दंगों के आसार बन सकते हैं।

महाकुंभ के संदर्भ में भीड़ और भगदड़ की चर्चाएं खूब हैं और ऐसे दृश्य भी देखने को मिल रहे हैं, लेकिन आजकल ऐसा लगता है मानो पूरा देश जाम में फंसा है और आम आदमी भीड़ में दबा-कुचला अपनी सांसों के लिए संघर्ष कर रहा है! यह महाकुंभ का ही नहीं, भारत का भी यथार्थ है, क्योंकि आबादी 146 करोड़ को पार कर चुकी है, लेकिन संसाधनों में उतनी आनुपातिक बढ़ोतरी नहीं हुई है। शोध के जरिए कुछ आंकड़े हासिल हुए हैं, जो देश की संकरी और असहाय व्यवस्था को बयां करते हैं। दरअसल जब भारत की आबादी 36 करोड़ के करीब थी, तब देश में करीब 6000 रेलवे स्टेशन थे, लेकिन आज आबादी के 146 करोड़ के पार पहुंचने के बावजूद 8495 रेलवे स्टेशन ही हैं।

औसतन 2 लाख लोगों पर मात्र 1 ही रेलवे स्टेशन है, तो भीड़ क्यों न जमा हो और भगदड़ के हालात क्यों न बनें? औसतन एक लाख लोगों पर मात्र 1 ही यात्री रेलगाड़ी (900 सीट की) है। औसतन 10,000 लोगों पर एक ही सरकारी बस (70 सीट) उपलब्ध है। औसतन 1 करोड़ लोगों पर एक ही हवाई अड्डा है। देश के 4 करोड़ नागरिकों पर सर्वोच्च अदालत का एक ही न्यायाधीश है, जबकि औसतन 18 लाख लोगों को उच्च न्यायालय का एक ही न्यायाधीश न्याय देने की स्थिति में है।

औसतन 7-10 साल की जिंदगी आम आदमी लाइनों में खड़े रहने में बिताने को विवश है, क्योंकि भीड़ ही इतनी है, लिहाजा मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि आम आदमी का क्रोध, तनाव बढ़ता रहता है। उन मानसिक स्थितियों में वह कुछ भी कर सकता है! भारत में जन्म से पहले ही लाइन लगानी पड़ती है, क्योंकि अस्पतालों में भीड़ है और डॉक्टरों की संख्या बेहद कम है। स्कूल में प्रवेश लेने, पढने और उसके बाद नौकरी लेने, राशन प्राप्त करने और अपनी राष्ट्रीय पहचान के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए, अंततः लाइनों से ही गुजरना पड़ता है। मृत्यु प्रमाणपत्र हासिल करना है, तो भी लाइन लगती है। इन लाइनों का बुनियादी कारण भीड़ ही है। महाकुंभ के लिए कोई लाइन नहीं है, बल्कि बेतहाशा, बेलगाम भीड़ है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि भीड़ का भी आनंद लेना चाहिए। जब भीड़ भगदड़ बन जाती है, तो कुचलन में कौनसा आनंद मिलेगा या मौत मिलेगी? भगदड़ सिर्फ महाकुंभ की भीड़ के कारण ही नहीं हुई थी, बल्कि नई दिल्ली के अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन पर भी हुई थी। यह गंभीर मानवीय समस्या है। सरकार इस समस्या का समाधान जरूर तलाशे।

# मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां



ललित गर्ग

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह



के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है।

निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है।

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गई हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का।

रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## बाणगंगा पेपर मिल्स ने नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया

**नाशिक, एजेंसी।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पूर्व में इनर्शिया स्टील लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), उच्च गुणवत्ता वाले क्राफ्ट पेपर के प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता, ने स्थायी ऊर्जा अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, बाणगंगा पेपर मिल्स लिमिटेड, ने लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ एक पावर पर्चेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वे कैप्टिव पावर जनरेशन मॉडल के तहत सौर ऊर्जा खरीदेंगे। इस समझौते के अनुसार, लिविंट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदनगर जिले के करजत गांव में 2.5 मेगावाट डीसी ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित, स्वामित्व और संचालन करेगा। यह सौर संयंत्र बाणगंगा पेपर मिल्स के नाशिक स्थित निर्माण संयंत्र को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेगा, जिससे एक विश्वसनीय और लागत-कुशल नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत सुनिश्चित होगा।

## एवीपी इन्फ्राकॉन को तमिलनाडु में 87 करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए एलओए प्राप्त हुआ

**चेन्नई एजेंसी।** एवीपी इंफ्राकॉन लिमिटेड जो भारत की प्रमुख अवसंरचना विकास कंपनियों में से एक है, को सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर हाईवे कंस्ट्रक्शन एंड मेंटेनेंस, तिरुवन्नामलाई सर्कल से तमिलनाडु में थिरुकोइलुर-असानूर सड़क के चौड़ीकरण और मजबूती के लिए स्वीकृति पत्र याने कि लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस प्राप्त हुआ है। यह परियोजना, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 86.54 करोड़ है, दो लेन की सड़क को चार लेन में चौड़ा करने और प्रमुख अवसंरचनात्मक सुधारों को शामिल करने से संबंधित है। इसमें जंक्शन अपग्रेड, कलवर्ट्स का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण, छोटे पुलों का निर्माण, सेंट्रल मीडियन, जल निकासी रिटेनिंग दीवारें, और पेवर ब्लॉक्स का विकास शामिल है। यह आदेश क्षेत्र में परिवहन नेटवर्क को बेहतर बनाने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है और इसे 18 महीनों के भीतर पूरा किया जाना है।

## हर्बलाइफ इंडिया की नई पारी: यशस्वी जैस्वाल बने ब्रांड पार्टनर!

**बेंगलुरु, नई दिल्ली , एजेंसी।** हेल्थ और वेलनेस के क्षेत्र में प्रीमियर कंपनी हर्बलाइफ इंडिया ने भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जैस्वालके साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग भारत में स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की हर्बलाइफ इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर्बलाइफ लंबे समय से शीर्ष खिलाड़ियों की मदद करती आ रही है, उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक पोषण संबंधी साधन उपलब्ध कराती है। जैस्वालके साथ यह साझेदारी खेलों के जरिए स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने के कंपनी के विश्वास को दर्शाती है।

## इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन प्रस्तुत करता है 32वां अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव

**इंदौर एजेंसी।** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन , जो प्रबंधन और नेतृत्व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक है, आगामी 21-22 फरवरी 2025 को अपने 32 वें अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन मध्य भारत का सबसे बड़ा कॉरपोरेट सम्मेलन माना जाता है, जिसमें 3000 से अधिक प्रख्यात उद्योगपति, उद्यमी, अर्थशास्त्री, नीति निर्माता, स्टार्टअप संस्थापक और शिक्षाविद् भाग लेंगे। इस वर्ष के कॉन्क्लेव की थीम है उद्यमेन हि सिद्धयन्ति (संघर्ष, संकल्प और सफलता)। प्रमुख वक्ताओं में शामिल हैं नादिर बुरोरजी गोदरेज (समूह अध्यक्ष, गोदरेज इंडस्ट्रीज), राकेश बियाणी (सह-मालिक, स्टाइल यूनियन, नेक्सन ओम्नीवर्क्स लिमिटेड), निलेश शाह (प्रबंध निदेशक, कोटक म्यूचुअल फंड), राजेश डोगरा (मुख्य प्रातक अनुभव अधिकारी, एयर इंडिया),डॉ. शामिका रवि (सदस्य, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषत), कडम्बेलिल पॉल चॉमस (प्रबंध निदेशक, स्मॉल फाइनेंस बैंक), डॉ. सी पलानी वेल्लू (अध्यक्ष और प्रमुख सर्जन, त्रश्वरू अस्पताल), पूज्य ज्ञानवत्सल स्वामी (जीवन कोच और प्रमुख वक्ता, स्वामीनारायण संस्था), विकास लोहिया (निदेशक, ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड) अरविंद रतन (जेमोलॉजिस्ट और ज्योतिषी), बरखा यस (समाचार एंकर और पत्रकार), करण सिंह (भारतीय जादूगर और माइंड रीडर),श्रीकांत अय्यर (सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, होगलेन), सुश्री विधि पोड़गांवकर (लेखिका और फिल्म निर्माता), महेश योगी जी (योग के आध्यात्मिक और प्रेरक गुरु)।

## ओटीटी ने ओरिजनल सस्पेंस क्राइम-थ्रिलर 'पति पत्नी और पड़ोसन' रिलीज की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे शानदार डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लेटफ़ॉर्म में शुमार हंगामा ओटीटी ने 20 फरवरी, 2025 को अपनी ओरिजनल सस्पेंस क्राइम-थ्रिलर 'पति पत्नी और पड़ोसन' रिलीज की। सिर्फ हंगामा ओटीटी पर रिलीज की जाने वाली यह सीरीज़ रहस्य से भरपूर, अपराध से जुड़ी ऐसी मनोवैज्ञानिक कहानी को पेश करती है, जिसमें ऐसे चौंकाने वाले और अप्रत्याशित मोड़ हैं जो दर्शकों को अंत तक अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं।

## क्या श्रद्धा कपूर के डेमि फाइन ज्वेलरी ब्रांड पल्मोनस को शार्क टैंक इंडिया 4 में मिलेगी डील

**मुंबई, एजेंसी।** फाइन ज्वेलरी की दुनिया में एक नया नाम तेजी से अपनी पहचान बना रहा है और वह है- पल्मोनस। इसे पल्लवी मोहादिकर और डॉ. अमोल पटवारी ने 2022 में शुरू किया था, और इसका मकसद है भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री को नए अंदाज में पेश करना। ब्रांड का लक्ष्य खूबसूरत, बेहतरीन क्वॉलिटी वाली ज्वेलरी तैयार करना है, जो न सिर्फ आकर्षक और टिकाऊ हो, बल्कि किफायती भी हो। लॉन्च के कुछ ही समय बाद, अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इससे इतनी प्रभावित हुईं कि वह को-फाउंडर के तौर पर ब्रांड से जुड़ गईं।

## बजाज एलियांज लाइफ ने गारंटीड पेंशन गोल 2 किया पेश

**पुणे , एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज बजाज एलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 के लॉन्च की घोषणा की, जो एक गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली तत्काल और विलंबित वार्षिकी योजना है। इसे ग्राहकों को उनकी सेवानिवृत्ति योजना पर नियंत्रण रखने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। उद्योग जगत में पहली बार 30 साल तक के विलंबन की सुविधा के साथ, यह अभिनव पेंशन योजना 35 साल की उम्र से ही व्यक्तियों को अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है, जो प्रारंभिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए बेजोड़ लचीलापन प्रदान करती है। बजाज एलियांज लाइफ द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन से पता चला है कि 77 प्रतिशत भारतीय सुरक्षित और तनाव-मुक्त सेवानिवृत्ति के लिए जीवन बीमा को अपना पसंदीदा वित्तीय साधन मानते हैं, जो संरचित सेवानिवृत्ति योजना की ओर बढ़ते बदलाव को दर्शाता है।

# नए मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा, सीएम रेखा गुप्ता ने वित्त विभाग अपने पास रखा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विभागों का बटवारा कर दिया है. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वित्त, राजस्व, सर्विसेज, महिला एवं बाल कल्याण, प्रशासनिक सुधार समेत 10 विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगी. नई सरकार में दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कई विभाग अपने पास रखे हैं, जबकि केजरीवाल ऐसा नहीं करते थे. वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के सरंक्षक व दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को करारी शिकस्त देने वाले प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को दिल्ली सरकार में लोक निर्माण विभाग और जल विभाग, दो महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं. इसके अलावा उनके पास विधायी मामले, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, जल, गुरुद्वारा चुनाव की जिम्मेदारी है.

शिक्षा और बिजली जैसे प्रमुख विभाग, जो आम आदमी पार्टी की राजनीति और नीतियों का केंद्र थे, आशिष सूद को दिए गए हैं. वह गृह विभाग की भी जिम्मेदारी संभालेंगे. विकासपुरी के विधायक पंकज कुमार सिंह को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और परिवहन विभाग आवंटित किए गए हैं. कैबिनेट में एकमात्र दलित चेहरा रविंदर इंद्रजीत सिंह को सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सहकारी समितियों और चुनाव विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है. सूत्रों ने कहा कि वह उन योजनाओं पर ध्यान देंगे जो आम आदमी पार्टी द्वारा दलित छात्रों के लिए शुरू की गई थीं लेकिन या तो शुरू नहीं हुईं या गैर-कार्यात्मक थीं ताकि उनकी जरूरत का आकलन किया जा सके. कैबिनेट में सिख चेहरा मंजींदर सिंह सिरसा को वन एवं पर्यावरण और उद्योग विभाग दिए गए हैं. कैबिनेट में एकमात्र दूसरी बार मंत्री कपिल मिश्रा फिर से कला एवं संस्कृति, भाषा और पर्यटन विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे, साथ ही कानून एवं न्याय, श्रम और रोजगार जैसे प्रमुख विभागों का भी नेतृत्व करेंगे.

### दिल्ली सरकार में शामिल मंत्रियों और उनके विभागों की लिस्ट

वित्त, राजस्व, सर्विसेज, महिला एवं बाल कल्याण, प्रशासनिक सुधार, सतर्कता विभाग - मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता
लोक निर्माण विभाग, विधायी मामले, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, जल, गुरुद्वारा चुनाव - उपमुख्यमंत्री परवेश वर्मा
कानून एवं न्याय, श्रम विभाग - कपिल मिश्रा
वन एवं पर्यावरण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग - मनजिंदर सिंह सिरसा
बिजली, शिक्षा और शहरी विकास विभाग और गृह विभाग - आशीष सूद
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन और सूचना प्रौद्योगिकी - पंकज कुमार सिंह
सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, को-ऑपरेटिव सोसाइटी एंड इलेक्शन - रविंदर इंद्रजीत सिंह
वित्त, राजस्व के अलावा सतर्कता विभाग की भी जिम्मेदारी सीएम रेखा गुप्ता के पास है. इस विभाग ने पिछले 5 सालों में कई जांचें आम आदमी पार्टी के मंत्रियों के खिलाफ खोली हैं. पिछले 10 सालों में दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए बीजेपी ने एक विशेष जांच दल बनाने का वादा किया है.

**प्रवेश वर्मा सीएम नहीं बन पाए तो बोली पत्नी स्वाति**

## पार्टी ने काफी सोच-समझकर मुख्यमंत्री का नाम तय किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 8 फरवरी को 27 साल बाद जब दिल्ली चुनाव में बीजेपी ने भगवा झंडा लहराया तो सबसे बड़ा सवाल यही उठा कि सीएम कौन होगा? नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल को मामूली अंतर से हराने वाले प्रवेश वर्मा का नाम इस लिस्ट में सबसे ऊपर था। हालांकि 11 दिन बाद पार्टी ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए रेखा गुप्ता को कमान सौंप दी। गुरुवार को शपथ ग्रहण के बाद प्रवेश वर्मा के परिवार से यह सवाल पूछा गया। इस पर उनकी पत्नी ने बेहद ही कमाल का जवाब दिया। वहीं उनकी छोटी बेटी तृषा ने इसका जवाब देते हुए कहा कि हम सभी बेहद खुश हैं। पार्टी ने काफी सोच-समझकर मुख्यमंत्री का नाम तय किया है।

प्रवेश वर्मा के सीएम न बनने पर उनकी छोटी बेटी तृषा ने कहा कि मुख्यमंत्री का फैसला काफी सोच-समझकर लिया गया है। हम सभी बेहद खुश हैं। मेरे पिता के लिए यह बड़ा दिन है। हम सभी जश्न मनाना चाहते हैं। हम पार्टी के फैसले से खुश हैं जिसने काफी सोच-समझकर सीएम का चेहरा तय किया है। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने वाले प्रवेश की बड़ी बेटी सानिधि ने कहा कि मैं पार्टी और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करती हूं कि आपने कड़ी मेहनत की और हमारा साथ दिया और इसीलिए हम आज जश्न मना रहे हैं। प्रवेश वर्मा की पत्नी स्वाति सिंह ने कहा कि आज सभी खुश हैं। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं। अब सभी को विश्वास है कि दिल्ली में अच्छा काम होगा। एक नई दिल्ली बनेगी और जो काम पिछले 26 सालों में नहीं हुआ वो अब होगा। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और पार्टी ने हमें जो भी जिम्मेदारी दी है उससे हम खुश हैं।प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की शादी पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश भाजपा नेता विक्रम वर्मा की बेटी स्वाति सिंह से हुई है। प्रवेश वर्मा और स्वाति सिंह के तीन बच्चे हैं, दो बेटियां- सानिधि और त्रिशा- और एक बेटा- शिवेन सिंह। प्रवेश सिंह के बच्चों में सानिधि सबसे बड़ी हैं, उसके बाद त्रिशा सिंह और शिवेन सिंह हैं।

## मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ा, सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंथा नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ाकर मार्च 2027 तक करने का निर्णय लिया। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके अनुबंध को 31 मार्च, 2027 तक विस्तारित करने की स्वीकृति दी। नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सीईए का पद संभाला था। यह कार्यालय सरकार को आर्थिक नीतियों पर परामर्श देता है और बजट से ठीक पहले आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करता है। क्रेडिट सुइस व जूलियस बेयर जैसे संस्थानों में अनुभव रखने वाले नागेश्वरन ने केवी सुब्रमण्यन का स्थान लिया था। उनका कार्यकाल विस्तार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ सप्ताह बाद हुआ, जिसमें अगले वित्त वर्ष के लिए 6.3-6.8प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है, हालांकि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत हैं। सरकार के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, मौजूदा वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत वृद्धि संभावित है। इससे पहले, नागेश्वरन ने लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में काम किया। वह 2019-21 तक पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य रहे। आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए और मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय से वित्त में डॉक्टरेट प्राप्त नागेश्वरन ने तक्षशिला संस्थान की स्थापना में सहयोग और आविष्कार समूह के पहले प्रभाव निवेश कोष की शुरुआत में योगदान दिया।

# अब फ्री में नहीं कर पाएंगे गूगल पे से हर पेमेंट, लेनदेन पर चार्ज लगेगा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी गूगल पे इस्तेमाल करते हैं तो यह खबर आपके लिए है. गूगल पे का इस्तेमाल आमतौर पर मोबाइल रिचार्ज, बिजली और गैस बिल भरने जैसी सेवाओं के लिए किया जाता है. लेकिन अब अगर आप बिजली, गैस या अन्य यूटिलिटी बिलों का भुगतान गूगल पे से करते हैं, तो आपको अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है. इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, गूगल पे ने अब क्रेडिट और डेबिट कार्ड से किए गए बिल पेमेंट पर सुविधा शुल्क लगाना शुरू कर दिया है. पहले यह सेवा यूजर्स मुफ्त में इस्तेमाल कर रहे थे. यह शुल्क खासतौर पर छोटे लेनदेन पर लगाया गया है, जिसमें गैस और बिजली के बिल शामिल हैं. यह शुल्क 0.5 प्रतिशप से 1 प्रतिशत तक हो सकता है, जिसमें त्स्ञ्ज भी जोड़ा जाएगा. हालांकि, पीएल से किए गए भुगतान पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा.

कितना शुल्क लगेगा: रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगर आप क्रेडिट या डेबिट कार्ड से बिल भुगतान करते हैं, तो आपको प्रोसेसिंग फीस देनी होगी फोन पे और पेटीएम पहले से ही इस तरह की सेवाओं पर चार्ज लगाते हैं. यह शुल्क 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक हो सकता है, जो ट्रांजैक्शन अमाउंट पर निर्भर करेगा और इसके साथ त्स्ञ्ज भी लागू होगा.

कैसे जोड़ा जाएगा यह शुल्क: जब आप गूगल पे से बिल भुगतान करेंगे, तो सुविधा शुल्क आपके कुल बिल अमाउंट में जोड़ दिया जाएगा. लेकिन अगर आप पीएल से भुगतान करते हैं, तो आपको कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा. गूगल पे के अनुसार, सुविधा शुल्क कई कारकों पर निर्भर करेगा, जैसे- बिल की राशि, पेमेंट मोड (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), अन्य लेन-देन की शर्तें. यह शुल्क हर ट्रांजैक्शन पर लागू होगा, चाहे आप कोई भी बिल भर रहे हों. गूगल पे के मुताबिक, सबसे नया शुल्क विवरण पेमेंट करते समय स्क्रीन पर दिखाया जाएगा. आप अपनी गूगल पे ऐप में ट्रांजैक्शन हिस्ट्री में जाकर सुविधा शुल्क देख सकते हैं. यह शुल्क आपके बिल भुगतान के साथ जुड़ा होगा.

### ट्रांजैक्शन फेल होने पर क्या होगा

अगर किसी कारणवश आपका बिल भुगतान फेल हो जाता है, तो सुविधा शुल्क भी आपके भुगतान खाते में वापस कर दिया जाएगा. यह प्रोसेस कुछ दिनों में पूरा हो सकता है. अगर आप अपने किसी दोस्त या परिवार के सदस्य के लिए बिल भुगतान कर रहे हैं, तो भी यह सुविधा शुल्क लगेगा. यह शुल्क हर ट्रांजैक्शन पर अलग-अलग लागू होगा, चाहे आप अपने या किसी और के बिल का भुगतान कर रहे हों.

## हुमा कुरैशी समर्थित 'मॉडरेट' को शार्क टैंक इंडिया 4 में मिली 1 करोड़ रुपये की डील




**मुंबई, एजेंसी।** हैदराबाद के हेल्थ ब्रैंड 'मॉडरेट' ने शार्क टैंक इंडिया 4 में अपना जलवा दिखाया है! इस कंपनी ने शार्क्स अमन गुप्ता और कुणाल बहल से 5 प्रतिशत इक्विटी के बदले 1 करोड़ रूपये की डील हासिल की है। ब्रैंड की यात्रा में यह एक बड़ी उपलब्धि है। मॉडरेट का प्रमुख उत्पाद कैलोरी क्रशर टैबलेट्स भोजन से कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को कम करता है। उन लोगों के लिये यह बहुत बढ़िया है, जो खाने-पीने के शौकीन हैं, लेकिन अपनी तंदुरुस्ती पर भी नजर रखना चाहते हैं! यह ब्रैंड पहले से सुर्खियों में रहा है, क्योंकि बॉलीवुड स्टार हुमा कुरैशी इसे निवेशक और चीफ प्रोडक्ट एवैंजेलिस्ट के तौर पर सपोर्ट करती हैं। शार्क टैंक इंडिया 4 में हुई डील पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए हुमा ने कहा, "मॉडरेट मेरी रोजाना की जिन्दगी में शामिल है, चाहे मैं सेट पर रहूं या फिर कहीं और बिजी हूं। मुझे सचमुच गर्व हो रहा है कि हमारे ब्रैंड मॉडरेट की शार्क टैंक इंडिया में डील हुई है। यह असली जीत है। यह ब्रैंड मेरे समेत कई लोगों के लिये अहम है। मॉडरेट का शार्क्स के साथ ताल-मेल देखकर और भारत में चल रही स्टार्टअप की लहर का हिस्सा बनकर मैं उत्साहित हूँ!"मॉडरेट की को-फाउंडर डॉ. ललिता पल्ले ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, "शार्क टैंक इंडिया हमारी सोच दिखाने के लिये एक बेहतरीन मंच था। यह डील नवाचार एवं दृढ़ता की शक्ति दिखाती है और हम आगे की यात्रा को लेकर बेहद रोमांचित हैं!"

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया गैलेक्सी A06 5जी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी ए06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन किफायती कीमत पर शानदार 5जी अनुभव लेकर आया है। सबसे किफायती बजट गैलेक्सी A सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के रूप में, गैलेक्सी ए06 5जी को अपने विश्वसनीय प्रदर्शन और लंबी उम्र के साथ उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने के लिए डिजाइन किया गया है। आज से, गैलेक्सी ए06 5जी भारत के सभी रिटेल आउटलेट्स, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, और अन्य ऑफलाइन चैनलों पर कई स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध होगा। 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट की शुरुआती कीमत मात्र 10499 रुपये है। गैलेक्सी ए06 5जी तीन आकर्षक रंगों - ब्लैक, ग्रे और लाइट ग्रीन में उपलब्ध है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, ग्राहक केवल 129 रुपये में सैमसंग केयर+ पैकेज के साथ एक साल की स्क्रीन प्रोटेक्शन योजना का लाभ उठा सकते हैं, जो अतिरिक्त सुरक्षा और मानसिक सुकून प्रदान करता है।ैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस राव ने कहा, गैलेक्सी ए06 5जी के लॉन्च के साथ, हम बेहतरीन 5जी अनुभव के लिए सेगमेंट में अग्रणी 12 5जी बैंड ला रहे हैं। शानदार कनेक्टिविटी, दमदार परफॉरमेंस और सेगमेंट में अग्रणी इनोवेशन प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई।

# लखनऊ स्टेशन पर ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेने प्रभावित होगी।

24 फरवरी से 14 अप्रैल तक दरभंगा से चलने वाली गाड़ी संख्या 19166 दरभंगा अहमदाबाद एक्सप्रेस वाया मल्हौर-ऐशबाग-मानक नगर चलेगी। इस दौरान ऐशबाग स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव दिया गया।

24 फरवरी से 14 अप्रैल तक वाराणसी से चलने वाली गाड़ी संख्या 19168 वाराणसी-अहमदाबाद एक्सप्रेस वाया मल्हौर-ऐशबाग-मानक नगर चलेगी। इस दौरान ऐशबाग स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव दिया गया है। 24 फरवरी से 23 अप्रैल तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19313 इंदौर-पटना एक्सप्रेस वाया मानक नगर- ऐशबाग-मल्हौर-अयोध्या कैंट-जफराबाद चलेगी। इस दौरान ऐशबाग, अयोध्या कैंट, जौनपुर स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव दिया गया।

26 फरवरी से 23 अप्रैल तक पटना से चलने वाली गाड़ी संख्या 19314 पटना-इंदौर एक्सप्रेस वाया जफराबाद-अयोध्या कैंट-मल्हौर-ऐशबाग-मानक नगर चलेगी। इस दौरान जौरपुर, अयोध्या कैंट, ऐशबाग स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव दिया गया है।

01 मार्च से 19 अप्रैल तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस वाया मानक नगर-ऐशबाग- मल्हौर चलेगी। इस दौरान ऐशबाग स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव दिया गया है।

24 फरवरी से 21 अप्रैल तक पटना से चलने वाली गाड़ी संख्या 19314 पटना-इंदौर एक्सप्रेस वाया मानक नगर-ऐशबाग-मल्हौर चलेगी। इस दौरान ऐशबाग स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव दिया गया।







मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में जैविक खेती- पद्धतियां और मूल्य संवर्धन विषय पर कृषि विभाग द्वारा राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान (बरखेड़ी- नीलबड़ रोड) में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया।



महापौर मालती राय ने जोन 06 वार्ड 48 एवं 51 में बासखेड़ी चौराहा से स्वच्छता से संबधित निरीक्षण किया इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आर के सिंह बघेल, जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी, क्षेत्रीय पार्षद अरविंद वर्मा, एवं निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, विपक्ष के नेता उमंघ सिंघार तथा अन्य कांगेसी नेताओं ने मप्र में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के नाम पर सरकारी खजाने को खाली किया जा रहा है। हर माह करीब 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज लेने वाली सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर पानी की तरह पैसा बहा रही है।

# प्रदेश में वकील आज अदालतों में काम नहीं करेंगे

## एडवोकेट एक्ट अमेंडमेंट बिल के खिलाफ प्रदर्शन, वकील बोले- ये हमारे हितों के खिलाफ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अधिवक्ता अधिनियम में किए गए संशोधन के विरोध में आज जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर हाईकोर्ट सहित सभी जिलों की अदालतों में वकील काम नहीं करेंगे। हालांकि, अदालतें खुली रहेंगी, लेकिन वकीलों की गैरमौजूदगी के कारण पैरवी नहीं हो सकेगी।



इससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को परेशानी होगी। अधिवक्ताओं ने इस संशोधन के खिलाफ एकजुट होकर ÷प्रतिवाद दिवस÷ मनाने का फैसला किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार और जिला बार एसोसिएशन की बैठक में यह तय किया गया कि शुक्रवार को कोई भी वकील अदालत में पेश नहीं होगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिनियम में किए गए बदलाव उनके हितों के खिलाफ हैं। अगर यह कानून लागू हुआ, तो वकीलों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता प्रभावित होगी।

# हमीदिया में आज भी होगा चिकित्सा महासंघ का प्रदर्शन

## अमानक दवाईयों की जलाएंगे सांकेतिक होली, विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कर रहे आंदोलन

**भोपाल।** प्रदेशभर के सरकारी डॉक्टर अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज, 21 फरवरी को प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टर प्रतीकात्मक रूप से अमानक दवाइयों की होली जलाकर विरोध दर्ज कराएंगे।

चिकित्सक महासंघ के नेतृत्व में सरकारी डॉक्टर लंबे समय से उच्च स्तरीय समिति के गठन, कैबिनेट से पारित DACP के क्रियान्वयन, सातवें वेतनमान के लाभ और चिकित्सा क्षेत्र में प्रशासनिक हस्तक्षेप को रोकने जैसी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वे नई मांग के लिए नहीं, बल्कि पहले से स्वीकृत निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

चिकित्सक महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीया ने बताया कि यह आंदोलन प्रदेश के 52 जिला अस्पतालों, कम्युनिटी अस्पतालों, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। डॉ. मालवीया ने कहा, यह आंदोलन किसी नई मांग को लेकर नहीं है। हमारी पुरानी मांगें आज भी वैसी ही बनी हुई हैं। इनमें से कुछ मांगों पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेश भी जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन अभी तक नहीं हुआ है।

